पूर्वोत्तर रेलवे

कार्यालय महाप्रबन्धक/कार्मिक
गोरखपुर
दिनांक 12.01.2021

सं. का/254/4–परिचालन/70प्रतिशत/2020 (I)

1. वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक/सचिव/महाप्रबन्धक/अपर महाप्रबन्धक/गोरखपुर।
2. प्रमुपरिप्र/सीएफटीएम/सीएफटीएम/मुसंधि/गोरखपुर।
3. उपमुसताधि/यातायात/उपमुपप्र/माल/गोरखपुर ।
4. मंरेप्र/वमंकाधि/वमंपरिप्र/वमंवाप्र/वमंसंधि/इज्जतनगर,लखनऊ, वाराणसी।
5. वकाधि/मुख्यालय/गोरखपुर।
6. सचिव/स्थापना/रेलवे बोर्ड/नई दिल्ली।

विषयः– सहायक परिचालन प्रबन्धक, ग्रुप–बी, 70प्रतिशत कोटा के विरूद्ध चयन के सम्बन्ध में।

संदर्भः– इस कार्यालय की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 23.12.2020 ।

....

परिचालन विभाग में सपरिप्र, ग्रुप–बी 70प्रतिशत कोटा की 02 (दो) सामान्य जाति के पदों हेतु लिखित एवं मौखिक परीक्षा के आधार पर चयन कराने का निर्णय लिया गया है।

चयन में सम्मिलित होने के लिये पात्र अभ्यर्थियों की इच्छा/अनिच्छा प्राप्त होने के पश्चात अन्तिम रूप से 08 (आठ) अभ्यर्थियों की सूची जो परीक्षा में बैठने हेतु पात्र है, इस पत्र के साथ संलग्न है । उपरोक्त चयन हेतु लिखित परीक्षा का कार्यक्रम निम्नलिखित है :–

परीक्षा केन्द्र	दिन	तिथि	समय
प्रमुपरिप्र कार्यालय/गोरखपुर।	शनिवार	30.01.2021	11.00 बजे से 13.00 बजे तक

सामान्य रूप से अनुपस्थिति लिखित परीक्षा कराने का कोई प्राविधान नहीं है। लेकिन पर्याप्त एवं संतोषजनक कारण होने पर एवं नियंत्रक अधिकारी द्वारा विधिवत् अनुमोदन पर अभ्यर्थी को अनुपस्थिति लिखित परीक्षा में बुलाया जा सकता है। पर्याप्त एवं संतोषजनक कारण होने का तात्पर्य यह है कि अनुपूरक परीक्षा में शामिल होने के लिए केवल रेलवे चिकित्सा अधिकारी का विशिष्ट प्रमाण पत्र एवं नियॅत्रक अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र कि उन्हें प्रशासनिक कारणों से परीक्षा की तिथि पर कार्यमुक्त नहीं किया जा सका है, मान्य होगा। अनुपस्थित लिखित परीक्षा में बैठने की सूचना लिखित परीक्षा के 07 दिन के अन्दर नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से उपमुकाधि/राज0 के कार्यालय में भेजने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या हिन्दी/1/ओएल/14/12 दिनांक 14.01.2002 एवं पत्र संख्या हिन्दी–94/रा. भा–1/10/8 दिनांक 25.01.96 एवं 14.06.96 के अनुसार व्यावसायिक योग्यता के लिए निर्धारित अंको का 10प्रतिशत अंक के बराबर प्रश्न राजभाषा नीति एवं राजभाषा नियमों से संबंधित विषयों पर आधारित होगें। परन्तु ये प्रश्न अनिवार्य नहीं होगें। यदि व्यावसायिक प्रश्न पत्र 100 अंक का होगा तो राजभाषा नियम से संबंधित प्रश्न 10 अंको का होना चाहिए।

उपरोक्त चयन रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या ई (जीपी) 2018/2/31 दिनांक 19.03.2019 मे निहित निर्देशानुसार सम्पन्न कराया जायेगा। तदनुसार लिखित परीक्षा में केवल एक ही प्रश्न पत्र होगा, जो 100 अंको का होगा तथा उक्त प्रश्न पत्र में 100 प्रतिशत केवल वस्तुनिष्ठ किस्म के बहुविकल्पीय प्रश्न होगे। गलत जबाबों के नकारात्मक अंक होगें । प्रत्येक गलत जबाब के लिए प्रत्येक प्रश्न हेतु आबंटित अंकों में से एक तिहाई काटा जायेगा ।

कृपया इसे सभी अभ्यर्थियों के नोट करा दिया जाय। अभ्यर्थी यदि अवकाश, प्रशिक्षण, प्रतिनियुक्ति पर हो तो नियत्रक अधिकारी, कृपया यह सूचना उन्हें पावती सहित रजिस्टर्ड डाक से उनके वर्तमान पते पर भेजवा दें तथा इस कार्यालय को भी सूचित करें। परीक्षा हाल में अभ्यर्थियों को अपने पास मोबाईल या अन्य इलेक्टानिक उपकरण रखने की अनुमति नही होगी । नियत्रक अधिकारियों से अनुरोध है कि सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु कार्यमुक्त करते समय यह निर्देशित करे की वह परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समय से 30 मिनट पूर्व रिपोर्ट करें।

संलग्नक/पात्र अभ्यर्थियों की सूची ।

(राजेश कुमार पाण्डेय)
सकाधि/राज
कृते महाप्रबन्धक/कार्मिक

प्रतिलिपि–

1. सचिव/प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक/गोरखपुर । कृपया कन्ट्रोल फोन द्वारा सभी मंडलों,एवं यूनिटों को तदनुसार सूचित करने का कष्ट करें ।
2. उपमुपरिप्र/माल/गोरखपुर (श्री सुमित कुमार) कृपया आप परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु कन्डक्टिव आफिसर के रूप में नामित है। आप सभी को अपने स्तर से सूचित करने की व्यवस्था करें।

कृते महाप्रबन्धक/कार्मिक

सपरिप्र, ग्रुप–बी, 70प्रतिशत चयन परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु विकल्पानुसार पात्र अभ्यर्थियों की सूची

क्रमांक	कर्मचारी का नाम (सर्वश्री)	पदनाम	कार्यस्थल	टिप्पणी
1	अशोक कुमार मिश्रा	टी आई	वाराणसी	
2	राजकुमार अरोड़ा	मुगानि	इज्जतनगर।	
3	जी पी राय	कन्ट्रोलर	वाराणसी	
4	जय प्रकाश श्रीवास (अजा)	स्टेधी	इज्जतनगर	
5	अजय कुमार	मुगानि	लखनऊ	
6	राहुल प्रताप विसरिया	मुगानि	इज्जतनगर	
7	जे0के0रैना	मुगानि	लखनऊ।	
8	शीतल प्रसाद (अजा)	गार्ड मेल	वाराणसी	
कुल– 08 (आठ) नाम मात्र				

12.01.21